## जलभराव से ठप पड़ने लगा कारोबार

# बारिश में दलदल बनी फल एवं मटर मंडी

**जबलपुर।** मानसून की पहली तेज बारिश ने शहर की कृषि उपज मंडियों की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। सबसे खराब स्थिति फल एवं मटर मंडी की है, जहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पूरा परिसर जलमग्न हो गया है। मंडी के अधिकांश हिस्से में कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बन गई है, जिससे किसानों, व्यापारियों और हम्मालों का रोजमर्रा का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान की मांग के बावजूद अब तक स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है।




### गंदगी और सड़न से बढ़ा संक्रमण का खतरा

बारिश के पानी के साथ मंडी में सड़ रहे फल-सब्जियों का कचरा और गंदगी जमा होने से दुर्गंध फैल रही है। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है और कई स्थानों पर लंबे समय तक जलभराव बना रहता है। व्यापारियों का कहना है कि ऐसी स्थिति में मंडी में काम करना मुश्किल हो जाता है, जबकि किसान और मजदूर भी अस्वच्छ माहौल में घंटों काम करने को मजबूर हैं। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका लगातार बढ़ रही है।

### मजदूरों के इंकार से प्रभावित हो रही लोडिंग-अनलोडिंग

व्यापारियों के अनुसार बारिश के दौरान कीचड़ और गंदगी के कारण कई मजदूर माल की लोडिंग और अनलोडिंग करने से मना कर देते हैं। इसका सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है। समय पर माल नहीं उठने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं किसानों को भी अपनी उपज बेचने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में आने वाले वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है, जिससे अव्यवस्था और बढ़ गई है।

### स्थायी समाधान की मांग तेज

हर वर्ष बारिश के मौसम में मंडी की यही स्थिति सामने आने के बावजूद अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। किसान, व्यापारी और मजदूरों ने मंडी प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था, परिसर में पक्के मार्गों का निर्माण और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते बुनियादी सुविधाएं नहीं सुधारी गईं तो बारिश के पूरे मौसम में मंडी का कारोबार प्रभावित होता रहेगा और इसका सीधा असर किसानों की आय पर भी पड़ेगा।

## पुलिस ने आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

# सास ने साड़ी में आग लगाई, पति देखता रहा

**जबलपुर।** अधारताल थाना पुलिस ने एक विवाहिता को आग से जलाकर मारने का प्रयास करने के आरोप में उसके पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता फिलहाल अस्पताल में उपचाररत है। पुलिस के अनुसार, कुठला (कटनी) निवासी उर्मिला कोरी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी नंदनी कोरी की शादी सात वर्ष पहले अमखेरा निवासी वीरेन्द्र कोरी से हुई थी। विवाह के बाद से पति वीरेन्द्र और सास जयंती कोरी घरेलू विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे और कई बार मायके भेज देते थे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि नंदनी मायके से रुपये और सोने-चांदी के गहने लेकर जाती थी, जिन्हें उसका पति बेच देता था। शिकायत के अनुसार, 15 अप्रैल को सूचना मिली कि नंदनी छत से गिरकर घायल हो गई है। संजीवनी अस्पताल पहुंचने पर नंदनी ने बताया कि 10 अप्रैल की रात वह अपनी बेटी के लिए गैस पर दूध गर्म कर रही थी। इसी दौरान पति से विवाद हुआ और सास जयंती कोरी ने उसकी साड़ी का पल्लू जलते गैस बर्नर पर रख दिया, जिससे साड़ी में आग लग गई। नंदनी ने पति से मदद की गुहार लगाई, लेकिन वह खड़ा रहा। बाद में ससुर मदन कोरी ने आग बुझाई और पति ने उस पर पानी डाला। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद उसे घर में छिपाकर रखा गया और पति व सास के पक्ष में बयान देने के लिए दबाव बनाया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। अगले दिन सुबह उसकी चाची सास उसे उपचार के लिए संजीवनी अस्पताल लेकर गई। वर्तमान में नंदनी मोहनलाल हरगोविंददास अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने अस्पताल में नंदनी के बयान दर्ज किए, जिसमें उसने सास द्वारा साड़ी में आग लगाने और पति द्वारा बचाव नहीं करने की बात दोहराई। शिकायत और जांच के आधार पर अधारताल थाना पुलिस ने पति वीरेन्द्र कोरी और सास जयंती कोरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## शराब पीने पैसे नही देने पर बदमाशों ने दुकानदार को चाकू मारा

**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत इंद्रानगर में कल रात दो बदमाशों ने किराना दुकान में बैठी एक महिला से शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगे । महिला के मना करने पर आरोपी गालीगलौज करने लगे । तभी आवाज सुनकर घर के अंदर से महिला का पति बाहर आ गया। जिसके मना करने पर आरोपी ने गालीगलौज कर उसे गाल में चाकू मार दिया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये । गोरखपुर पुलिस ने बताया कि इंद्रा नगर निवासी दीपक गुप्ता अपने घर से ही किराना दुकान चलाते हैं। कल रात किराना दुकान मे दीपक की पत्नी साधना गुप्ता व बहन अनिता गुप्ता बैठी थी। उसी समय सेठी नगर निवासी शंभू बैन व केशु बैन आये जो साधना से शराब पीने एक हजार रूपये मांगने लगे। मना करने पर दोनों गालीगलौज करने लगे। तभी दीपक ने घर के अंदर से आकर गालियां देने से मना किया तो केशु ने उसके गाल में चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी और शंभू ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर चोटें पहुंचाई।

## बाजारों और प्रमुख मार्गों पर गाय-सांड बने मुसीबत

# हाका गैंग बेअसर, आवारा मवेशियों का सड़कों पर कब्जा

**जबलपुर।** शहर में आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। नगर निगम की ओर से पशुओं को पकड़ने के लिए गठित 'हाका गैंग' की सक्रियता इन दिनों नजर नहीं आ रही है। इसका असर यह है कि शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त सड़कों पर गाय, सांड और अन्य मवेशी खुलेआम विचरण कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है।

सिविक सेंटर, गढ़ा फाटक, श्याम टॉकीज रोड, मालवीय चौक, कमानिया गेट, सब्जी मंडी, गेट नंबर-4 और तिलक भूमि तलैया सहित कई इलाकों में दिनभर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सड़क के बीचोंबीच बैठे पशुओं के कारण वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर दुर्घटनाएं होते-होते बचने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।



### कचरे के ढेर खींच रहे मवेशियों को

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई क्षेत्रों में समय पर कचरा नहीं उठने से आवारा मवेशी भोजन की तलाश में वहां पहुंच जाते हैं। इस दौरान वे प्लास्टिक और अन्य हानिकारक सामग्री भी खा लेते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि निगम के पशु पकड़ने वाले वाहन कभी-कभार ही दिखाई देते हैं और आवारा पशुओं को गौशालाओं तक पहुंचाने का अभियान प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो रहा है। लोगों ने नगर निगम से हाका गैंग को फिर से सक्रिय कर नियमित अभियान चलाने, आवारा मवेशियों को गौशालाओं में भेजने और शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाने की मांग की है। साथ ही यह सवाल भी उठाया है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद हाका गैंग की सक्रियता आखिर सड़कों पर क्यों दिखाई नहीं दे रही है।

## खाते से एक लाख २२ हजार की ऑनलाइन ठगी

**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत दुर्गानगर रामपुर में रहने वाले एक वेयर हाउस के सुपरवाइजर क बैंक खाते से अज्ञात जालसाज ने दो बार में एक लाख 22 हजार रूपये से ज्यादा की रकम साफ कर दी । हैरानी की बात तो यह है कि अज्ञात जालसाज ने बिना किसी ओटीपी भेजे आनलाइन ठगी को अंजाम दिया । गोरखपुर पुलिस ने बताया कि दुर्गानगर रामपुर निवासी राम मोहन यादव वेयर हाउस में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है।राममोहन का खाता यूनियन बैंक शाखा राइट टाउन में है। गत 6 जून को उनके मोबाइल फोन में दो बार में 74 हजार व 49 हजार रूपये कटने का मैसेज आया। इस तरह किसी अज्ञात जालसाज ने उनके बैंक खाते से एक लाख 23 हजार रूपये साफ कर दिये ।

## आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया

# सिहोरा में 4.25 लाख की अवैध शराब व अर्टिगा जब्त

हरिभूमि जबलपुर।

जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिहोरा क्षेत्र में एक कार से आठ पेटी विदेशी शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन और सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में रविवार को आबकारी विभाग की टीम ने पौड़ी-मझौली मार्ग पर ग्राम पौड़ी के पास घेराबंदी कर मारुति सुजुकी अर्टिगा (एमपी 52 टीए 0474) को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 8 पेटी (70.02 बल्क लीटर) विदेशी शराब बरामद हुई।

जब्त शराब में बैगपाइपर व्हिस्की, लंदन प्राइड, सिमरन ऑफ जामुन, रॉयल स्टैग, रॉयल चैलेंज और मैकडॉवेल व्हिस्की शामिल हैं। पुलिस ने मौके से आयुष चौधरी (29) निवासी दुर्गा कॉलोनी, घमापुर को गिरफ्तार किया।

आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



विभाग के अनुसार जब्त शराब की कीमत 74,724 रुपये, जबकि वाहन की अनुमानित कीमत 3.50 लाख रुपये है। इस तरह कुल 4,25,724 रुपये की जब्ती की गई।

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक आर.एस. मरावी, मुख्य आरक्षक फूल सिंह एटिया, संतलाल मरावी तथा आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह और अशोक बघेल शामिल रहे।

# स्मार्ट सिटी के 'स्मार्ट गड्ढे' स्वच्छता की दीवारों के सामने गंदगी

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी और स्वच्छता में लगातार उपलब्धियों का दावा करने वाले जबलपुर में जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। छोटी ओमती, कोठी मेडिकल और जिला न्यायालय मार्ग पर सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों और गंदगी से अटी पड़ी हैं। विडंबना यह है कि जिन स्थानों पर स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत आकर्षक वॉल पेंटिंग कर शहर की सुंदरता का संदेश दिया गया है, उन्हीं दीवारों के सामने कचरे के ढेर और बदहाल सड़कें नगर निगम के दावों की पोल खोल रही हैं। नगर निगम का दावा है कि शहर के 90 प्रतिशत गड्ढे भर दिए गए हैं, लेकिन इन प्रमुख मार्गों की स्थिति इस दावे पर सवाल खड़े कर रही है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन सड़कों पर तत्काल पैचवर्क की आवश्यकता है, वहां महीनों से कोई मरम्मत नहीं हुई। दूसरी ओर, जिन स्थानों पर इसकी विशेष जरूरत नहीं है, वहां विकास कार्य और पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इससे नगर निगम की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि नगर निगम समय रहते इन मार्गों पर पैचवर्क और नियमित सफाई करा दे, तो न केवल लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि स्वच्छ और स्मार्ट शहर की छवि भी मजबूत होगी। फिलहाल छोटी ओमती, कोठी मेडिकल और जिला न्यायालय मार्ग पर फैले गड्ढे और गंदगी यही सवाल पूछ रहे हैं कि क्या स्मार्ट सिटी में ऐसी बदहाल सड़कें ही विकास की नई पहचान हैं।

# इंस्टाग्राम में वर्क फ्राम होम के झांसे में फंसी छात्रा, 40 हजार की ठगी

**जबलपुर।** वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 40 हजार 822 रुपये निकाल लिए। गढ़ा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गौतमगंज इंदिरा गांधी वार्ड निवासी 44 वर्षीय धर्मेन्द्र मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई कि 2 जुलाई को मोबाइल चेक करने पर उन्हें पता चला कि 29 जून से 2 जुलाई के बीच उनके बैंक खाते से कुल 40,822 रुपये कट गए हैं। पूछताछ करने पर उनकी



बेटी तानिया मिश्रा ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम की नौकरी खोजते समय ₹ग्लोबल बुक पब्लिकेशन नाम के एक पेज पर टाइप राइटर का काम देखा था। वहां प्रति प्रोजेक्ट 15 हजार रुपये वेतन देने का दावा किया गया। रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैनर और बैंक खाते का क्यूआर कोड मांगा गया, जिसके बाद उसने भेजे गए लिंक के माध्यम से 500 रुपये जमा कर दिए। रजिस्ट्रेशन के बाद जब संपर्क करने की कोशिश की गई तो संबंधित व्यक्ति से संपर्क नहीं हो सका। बाद में पता चला कि अज्ञात साइबर ठगों ने ग्लोबल बुक पब्लिकेशन के नाम पर धोखाधड़ी कर धर्मेन्द्र मिश्रा के बैंक खाते से 40822 रुपये निकाल लिए। गढ़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर ठगी की जांच शुरू कर दी है। मामला धारा 318(4) एवं 319(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

## जामा मस्जिद वक्फ फंड मामले में हाईकोर्ट का निर्देश

# 15 दिन में दें नया आवेदन 60 दिन में होगा फैसला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने जामा मस्जिद सदर बाजार वक्फ फंड के कथित दुरुपयोग से जुड़े मामले में दायर याचिका का निराकरण करते हुए वक्फ बोर्ड को निर्धारित समय-सीमा में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति मनींदर एस. भट्टी की एकलपीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता 15 दिनों के भीतर नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है, तो संबंधित प्राधिकारी 60 दिनों के भीतर विधि के अनुसार कारणयुक्त आदेश पारित करेंगे। याचिकाकर्ता मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका में आरोप लगाया था कि जामा मस्जिद, सदर बाजार, जबलपुर के वक्फ फंड में अनियमितता एवं धन के दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने वक्फ अधिनियम, 1995 की धाराओं 64, 65 और 67 के तहत कार्रवाई तथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश देने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचिकाकर्ता यदि नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है तो उस पर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। वहीं एफआईआर संबंधी मांग पर अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175(3) (पूर्व में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3)) अथवा निजी परिवाद दायर करने का वैधानिक वैकल्पिक उपाय उपलब्ध है। हाईकोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी किए बिना याचिका का निराकरण कर दिया और याचिकाकर्ता को कानून के तहत उपलब्ध अन्य वैधानिक उपाय अपनाने की स्वतंत्रता भी प्रदान की।

## ठगी

### शादी का सपना दिखाकर युवकों से ऐंठता था हजारों रुपये

# मोबाइल पर लड़की बनकर बिछाता था प्रेमजाल

**जबलपुर।** पाटन पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने लड़की की आवाज को अपना हथियार बनाकर युवकों को प्रेमजाल में फंसाने का अनोखा तरीका अपनाया था। आरोपी मोबाइल पर खुद को युवती बताकर घंटों प्यार भरी बातें करता, शादी का भरोसा दिलाता और भावनात्मक रूप से विश्वास जीतने के बाद अलग-अलग बहानों से रुपये मांग लेता। रकम मिलते ही वह बातचीत बंद कर देता और मोबाइल से गायब हो जाता। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अब तक 10 से 15 युवकों को अपना शिकार बना चुका है। किसी से 5 हजार रुपये, तो किसी से 50 हजार रुपये तक की रकम ऐंठी गई। आरोपी की बातचीत इतनी स्वाभाविक और भरोसा दिलाने वाली होती थी कि सामने वाला लंबे समय तक यह समझ ही नहीं पाता था कि वह किसी युवती नहीं, बल्कि एक युवक से बात कर रहा है।



### परिजनों को हुआ शक तब खुला ठगी का राज

मामले का खुलासा तब हुआ, जब कई युवकों के परिजनों ने उनके मोबाइल पर लगातार एक कथित युवती से हो रही बातचीत पर संदेह जताया। घर की महिलाओं ने हिम्मत दिखाते हुए पाटन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तकनीकी जांच और मोबाइल नंबरों की पड़ताल की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि लड़की बनकर बातें करने वाला कोई युवती नहीं, बल्कि एक युवक है।

### शादी का झांसा, फिर पैसों की मांग

पीड़ित सुंदर सिंह ने बताया कि आरोपी ने उनके भांजे से लड़की बनकर दोस्ती की और धीरे-धीरे प्रेम संबंध बना लिए। इसके बाद शादी का वादा कर भावनात्मक दबाव बनाया और किसी जरूरी काम का बहाना बनाकर 5 हजार रुपये ले लिए। बाद में जब सच्चाई सामने आई, तो पूरा परिवार हैरान रह गया और थाने पहुंचकर शिकायत की।

### पूछताछ में खुल सकते हैं कई और राज

पाटन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उसने अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया, कुल कितनी रकम वसूली और क्या इस पूरे गिरोह में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। पुलिस का मानना है कि जांच आगे बढ़ने पर और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं। इस अनोखे ठगी के मामले ने यह भी साबित कर दिया कि साइबर और मोबाइल आधारित अपराध अब केवल फर्जी लिंक या ओटीपी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपराधी भावनाओं का सहारा लेकर भी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

## पाटन में 1.924 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** पाटन पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 1 किलो 924 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मनकेड़ी रोड स्थित सिंगौरी बंजारी माता मंदिर के पास बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक पर गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पाटन थाना प्रभारी गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि तलाशी में आरोपी बेलखेड़ा के ग्राम भरदा निवासी रंजीत गौड़ के पिट्ठू बैग से 1.924 किलो गांजा (अनुमानित कीमत 96,200), एक मोबाइल फोन, 200 नकद और गांजा के परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे किसे बेचने की तैयारी थी।

## करंट से मौत पर दुकान संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र के चुंगीनाका के पास करंट लगने से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। 5 जुलाई को हुई इस घटना की जांच में सामने आया कि 22 वर्षीय अनुराग शर्मा दुकान संचालक अनमोल जैन उर्फ बेटू की दुकान पर काम करता था। जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही पाए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार घटना वाले दिन अनुराग को दुकान की छत पर पन्नी बिछाने के लिए भेजा गया था। छत के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत लाइन गुजर रही थी और काम के दौरान उसका संपर्क लाइन से हो गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जांच में यह भी सामने आया कि बारिश के मौसम के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया लापरवाही के कारण हादसा हुआ, जिसके आधार पर दुकान संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रंगदारी वसूलने युवक पर चाकू से हमला

जबलपुर। हनुमानताल थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपये मांगने पर इंकार करने से नाराज दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, स्लॉटर हाउस रोड निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद शहनवाज कुरैसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 11 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे दादामियां दरगाह में दर्शन करने गया था। वहां मोहल्ले का अल्ताफ अपने एक साथी के साथ मिला और शराब पीने के लिए 500 रुपये मांगने लगा। रुपये देने से मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अल्ताफ ने चाकू से हमला कर उसके दाहिने हाथ, बाईं जांघ, कूल्हे और कान के पास चोट पहुंचाई। वारदात के बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।मामला धारा 296(बी), 119(1), 351(3) एवं 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

# पनागर तहसील को मिले नए राजस्व अधिकारी

## तहसीलदार प्रदीप तिवारी एवं नायब तहसीलदार रमेश कोष्ठी का पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया स्वागत

**पनागर, जबलपुर**। जिले में हुए प्रशासनिक स्थानांतरण के उपरांत पनागर तहसील में नवपदस्थ तहसीलदार प्रदीप तिवारी एवं नायब तहसीलदार रमेश कोष्ठी ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पत्रकार सौरभ मिश्रा ने दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके सफल, निष्पक्ष एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। स्वागत के उपरांत नवपदस्थ तहसीलदार प्रदीप तिवारी ने कहा कि पनागर क्षेत्र के समस्त किसानों, श्रमिकों, गरीबों, वंचितों तथा आम नागरिकों के कार्य पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ संपादित किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना जाएगा तथा शासन के प्रावधानों के अनुरूप उसका समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही प्रशासन का मूल उद्देश्य है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचाना, किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना तथा आमजन को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। नवपदस्थ नायब तहसीलदार रमेश कोष्ठी ने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन सत्य, न्याय, निष्पक्षता एवं सेवा-भाव के साथ करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसी भी गरीब, किसान, श्रमिक अथवा वंचित नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति को समान सम्मान प्रदान करते हुए उसकी समस्या का विधि एवं नियमों के अनुरूप समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन का दायित्व केवल शासकीय कार्यों का निष्पादन करना ही नहीं, बल्कि आमजन का विश्वास अर्जित करना भी है। इसी भावना के अनुरूप वे सदैव जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगे। पनागर क्षेत्र के नागरिकों ने नवपदस्थ अधिकारियों के प्रति शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में तहसील प्रशासन और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी, संवेदनशील तथा जनोन्मुखी बनेगा तथा किसानों एवं आम नागरिकों के राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित एवं न्यायोचित निराकरण सुनिश्चित होगा।


पनागर तहसीलदार प्रदीप तिवारी
नायब तहसीलदार रमेश कोष्ठी



### पवित्र सागर महाराज को श्रीफल भेंटकर लिया आशीर्वाद

**सिहोरा**। खितौला में चातुर्मास हेतु बिहार रत पूजनीय 105 सूत्रमति माताजी संसघ को कटनी में जैन समाज खितौला द्वारा श्रीफल अर्पित किया गया साथ ही कटनी में विराजित 108 पूज्यनीय समता सागर महाराज श्री पवित्र सागर महाराज ससंघ को भी श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जैन समाज खितौला से मुकेश सिंघई,राकेश सिंघई,महेंद्र जैन,मनोज जैन, राहुल सिंघई,अंकुर जैन,दिलीप जैन,नीरज जैन, शैंकी जैन,संतोष जैन,दिनेश जैन,कमल जैन,सचिन जैन,डॉ प्रकाश जैन,सुनील जैन,राजेश जैन एवं महिला मंडल की उपस्थिति रही।

# जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण प्रकोष्ठ एवं विभागों की हुई बैठक

## कार्यकारिणी शीघ्र भेजने के दिए निर्देश



**जबलपुर**। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) की प्रकोष्ठ एवं विभागों की महत्वपूर्ण बैठक आज जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष संजय यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक का संचालन एवं समन्वय प्रकोष्ठ एवं विभागों के प्रभारी विवेक यादव द्वारा किया गया।बैठक में सभी प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षों के साथ संगठन की कार्यकारिणी के गठन एवं विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष संजय यादव ने सभी अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रकोष्ठ एवं विभाग की पूर्ण कार्यकारिणी का गठन कर उसकी सूची शीघ्र जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाया जा सके। बैठक के दौरान कार्यकारिणी गठन में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संजय यादव, विवेक यादव, राजेश तिवारी, राजेश पटेल, परमलाल अहवासी, सतेंद्र चौबे, गुड्डा शिव नामदेव, डॉ. हिमांशु गुप्ता, ताहिर खोखर, रामेश्वर गिरी, संतकुमार झारिया, उमा ऊंईके, नारायण विश्वकर्मा, जीतू पाठक, अतुल विश्वकर्मा सहित प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## अरहर दाल के बेहतर उत्पादन को बढावा देने उन्नत किस्म के बीजों का किया वितरण

**पनागर**। कृषि विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजना के अंतर्गत दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने एवं किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम छतरपुर में अरहर प्रदर्शन हेतु उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पनागर श्री पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विस्तार अधिकारी श्री ब्रजभान अहिरवार तथा श्रीमती मोनिका झा द्वारा ग्राम छतरपुर के कृषक श्री धनीराम साहू सहित अन्य पात्र किसानों को अरहर प्रदर्शन के लिए बीज प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान क्रॉप डाइवर्सिफिकेशन (फसल विविधीकरण) को अपनाएं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान (पैडी) का रकबा आवश्यकतानुसार कम करते हुए दलहन एवं तिलहन फसलों का क्षेत्र बढ़ाएं। इससे मिट्टी की उर्वराशक्ति में सुधार होगा, उत्पादन लागत में कमी आएगी, जल संरक्षण होगा तथा किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

# स्वच्छ वायु युक्त वातावरण बनाने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

**जबलपुर**। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं मिशन लाइफ के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा संचालित स्वच्छ वायु जनजागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जोन क्रमांक–11 के वार्ड क्रमांक–79 (ईश्वर दास रोहाणी वार्ड) स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. रविशंकर सोम्बल, प्रो. डॉ. राकेश बाजपेयी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.के. दुबे, प्रो. डॉ. अजय गुप्ता, प्रो. डॉ. स्मिता पाठक, एनएसएस



समन्वयक जितेंद्र तिवारी, डॉ. शोभा मेहरा सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छ वायु, पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण का निर्माण संभव हो सकेगा।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, लगाए गए पौधों का संरक्षण करने तथा वायु प्रदूषण को कम करने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। नगर निगम जबलपुर द्वारा संचालित यह अभियान राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं मिशन लाइफ के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## पाटन में हुआ व्यापक विद्युत मेंटेनेंस कार्य ट्रिपिंग एवं फॉल्ट की समस्या में आएगी कमी

**पाटन**। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता नवनीत राठौड के निर्देशानुसार पाटन वितरण केंद्र एक में पदस्थ पवन यादव के सुपरविजन में पाटन टाउन एवं ग्रामीण के लाइनमैन द्वारा पाटन टाउन क्षेत्र में 12-7-26 को 6 टीम की उपस्थिति में व्यापक मेंटेनेंस कार्य किया गया। इस दौरान विद्युत लाइनों का निरीक्षण, खराब एबी स्विच ,ढीले जंपर एवं कंडक्टरों को ठीक करना, पेड़ों की शाखाओं की कटाई-छंटाई, आवश्यक मरम्मत तथा अन्य तकनीकी सुधार कार्य किए गए। इस दौरान नगर पालिका की गाड़ी की भी मदद ली गई। इस विशेष मेंटेनेंस अभियान का उद्देश्य विद्युत आपूर्ति को अधिक सुरक्षित एवं निर्बाध बनाना है। विभाग का विश्वास है कि किए गए सुधार कार्यों से अनावश्यक ट्रिपिंग एवं फॉल्ट की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। विद्युत विभाग ने इस दौरान सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने के लिए सभी उपभोक्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी बेहतर विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया।



# निर्मलचंद जैन वार्ड के नागरिकों को मिली सड़क निर्माण की सौगात, अब राह होगी आसान

## 32.36 लाख रुपये की सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन

### क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधाएं



**जबलपुर**। निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत सनसिटी दुर्गा मंदिर के पास सड़क के सीमेंटीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन रविवार को संपन्न हुआ। लगभग 32 लाख 36 हजार रुपये की लागत से बनने वाली एम-30 सीसी रोड का निर्माण कार्य क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही सड़क संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रीना ऋषि यादव, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि वार्ड की जनता के आशीर्वाद से वार्ड में जनता के लिए निरंतर सराहनीय कार्य हो रहे हैं। कार्यकर्त्ताओ की सक्रियता एवं जनसेवा की भावना के कारण वार्ड में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

वहीं वार्ड पार्षद रीना ऋषि यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वार्ड के विकास के लिए विधायक अशोक रोहाणी का अतुलनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन और समर्थन से क्षेत्र में अनेक विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि वार्ड के समग्र विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता आगे भी बनी रहेगी।



# आत्मनिर्भर हो रही महिलाओं को किया सम्मानित

**जबलपुर**। महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित जबलपुर में 11 जुलाई को 30वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन कि गया, जिसमें अध्यक्ष निधि पांडेय ने बताया कि बैंक से छोटे-छोटे लघु एवं कुटीर उद्योगों के लिए ऋण लेकर महिलाएं अपने परिवार की जीविका चलाने में सहभागिता निभागर आत्मनिर्भर हो रही हैं, ऐसी कुछ महिलाओं का स्वागत सभा में किया गया।सभा में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं मुख्य अतिथि जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, विशिष्ट अतिथि शैलेष राजपाल, उपाध्यक्ष शोभिता दुबे, प्रभा ठाकुर, नूतन पांडेय, साधना तिवारी, शमशाद बेगम, अंजलि यादव, मल्लिका पॉल, कमला अवस्थी, भूमिका अलवानी, सरस्वती चढ़ार, सरोज पांडे, प्रेमलता त्रिपाठी, सुनयना गुप्ता, सीईओ आल्विन मनोहर डेविड, पूर्व सीईओ एसके गुप्ता सहित अन्य ने सहकारिता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। सभा में पत्रिका का विमोचन, वरिष्ठ नागरिकों को बैंक द्वारा 08 से 8.25 प्रतिशत ब्याज देने की जानकारी दी गई। बैंक के अंशधारियों को 08 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई। बैंक की संगीता उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जबलपुर संभागीय इकाई का किया गया पुनर्गठन

## रवींद्र शर्मा बने संभागीय अध्यक्ष, संजय मिश्रा महासचिव और अनिल गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**जबलपुर**। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जबलपुर संभागीय इकाई का पुनर्गठन करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी एवं राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी की अनुमति तथा प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया की अनुशंसा पर यह नियुक्तियां की गईं। जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र शर्मा को जबलपुर संभाग का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं संजय मिश्रा को संभागीय महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं अनिल गुप्ता को संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिषद द्वारा नव नियुक्त संभागीय अध्यक्ष रवींद्र शर्मा को निर्देशित किया गया है कि वे 15 दिवस के भीतर जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए नई संभागीय कार्यकारिणी का गठन करें। इस कार्य में संभागीय महासचिव संजय मिश्रा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता सहयोग प्रदान करेंगे। परिषद के पदाधिकारियों ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों में सफल होने शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

## तमिल संघम की नई कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर**। तमिल संघम के संरक्षकगण, वरिष्ठ सक्रिय सदस्यों एवं पूर्व पदाधिकारियों की उपस्थिति में 12 जुलाई को पूर्वान्ह 11.30 बजे दादा ईश्वरदास रोहाणी सामुदायिक भवन में तमिल संघम जबलपुर की सामान्य सभा की बैठक में नवीन कार्यकारिणी के गठन की घोषणा करते हुए मार्गदर्शक उमेश पिल्लई, वरिष्ठ संरक्षक राजेश पिल्ले (कन्ना), संरक्षकगण राजाराम पिल्ले, राजकुमार पिल्ले एवं रमेश पिल्ले, पदाधिकारीगण पूर्व अध्यक्ष ज्योतिराम रेड्डी, सचिव सुभाष पिल्ले, कोषाध्यक्ष शिवराज पिल्ले एवं सक्रिय सदस्यों के द्वारा प्राप्त समर्थन के उपरांत तमिल संघम जबलपुर के वर्ष 2026-27 एक वर्ष के कार्यकाल के लिए एक नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का विधि अनुसार अध्यक्ष पद के लिए पुष्पराज पिल्लई, सचिव शेखर पिल्ले एवं कोषाध्यक्ष राकेश पिल्ले (आर्मी) को सर्वसम्मति से नियुक्त कर एक वर्ष का कार्यकाल प्रदान किया गया। तमिल संघम परिवार आशा विश्वास के साथ सामाजिक हित में अपनी सेवाओं का निर्वहन करेगा।

# संगीत संध्या में यादगार गीतों का मधुर गुंजन

## इंटरनेशनल सुनहरे पल म्यूजिकल ग्रुप एवं वन बंधु परिषद ने प्रस्तुत किया 'सुरों का सफर' सदाबहार नग़मों के संग

**जबलपुर**। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार की शाम शहीद स्मारक सभागार में आयोजित किया गया। जहाँ शहर के कुछ नए और उभरते हुय गायक कलाकारों ने नए-पुराने गीतों की प्रस्तुति दी, जिसमें- दिल है छोटा सा छोटी सी आशा, दिल का आलम मैं क्या बताऊं तुम्हें, लागा चुनरी में दाग, सवार लूं, अभी मुझमें कहीं... जैसे नगमे सुनने मिले। कार्यक्रम में किशोर कुमार, मन्ना डे, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोसले, कुमार सानू के गाए गीतों के साथ-साथ अरिजीत सिंह, सोनू निगम, अलीशा चिनॉय, मोनालि ठाकुर के नगमे भी सुनने को मिले। आयोजन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए दो ड्रॉ रखे गए थे जिसमें कार्यक्रम को सुनने आए श्रोताओं के द्वारा भरी हुई पर्चियों के माध्यम से दो लोगों के नाम निकाले गए जिन्हें मंच पर आमंत्रित किया गया और उन्होंने भी अपने गीतों की प्रस्तुति दी। पहला नाम राजेश झरिया का निकला और वहीं दूसरा नाम रवि नंदन श्रीवास्तव का निकला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विशेष अतिथि पंकज शाह एवं पंडित राजू चौबे रहे, जिन्होंने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों में एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा, पंडित श्याम प्रकाश मुखर्जी के मंडल अध्यक्ष योगेश लोखंडे एवं उपाध्यक्ष राजा सोनकर भी मौजूद रहे। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने गीतों की प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय सुनहरे पल ग्रुप के कलाकार संजीत बिरहा, पंकज कुमार, अनिकेत देवक, शैलेंद्र राजपूत, महेंद्र सिंह, सोमू परोजी, प्रमोद बिरहा ने वाद्य यंत्रों के माध्यम से एवं गायकों में प्रणव चार्वेकर, रिद्धिमा शुक्ला, शशांक चार्वेकर, धर्मेंद्र चौधरी, वंदना, अभिषेक, अतुल कुमार, मोहम्मद अमिश, प्रियांशी, विनायक झा, अवनी विश्वकर्मा, पलक चार्वेकर, विशाल गुरुंग, दामिनी तिवारी, शरद मलिक, निलेश भटनागर, अक्षिता, सूर्यांश पांडे ने गीतों की प्रस्तुति दी। मंच संचालन सुनहरे पल ग्रुप के मैनेजर व उद्घोषक आदित्य श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बानने में विशेष सहयोग दीपक जायसवाल का रहा।






**श्री प्रीतमलाल रजक**- चेरीताल वार्ड, तुलसी नगर, छाया डुप्लेक्स के सामने, निवासी प्रिंस रजक के पिता श्री प्रीतमलाल रजक का 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को रानीताल मुक्तिधाम में किया

**श्री विशेश्वर प्रसाद वर्मा**- जाग्रति नगर अमखेरा निवासी श्री विशेश्वर प्रसाद वर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कालू बेन**- हाथीताल पुराना पान बरेजा निवासी श्री कालू बेन (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विश्वनाथ झांबरे**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री विश्वनाथ झांबरे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई सोनकर**- भानतलैया विद्यापीठ स्कूल के पीछे निवासी श्री मगन लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई सोनकर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मधु दाहिया**- सर्रापीपल रांझी निवासी श्री बैजनाथ दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मधु दाहिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती बंशकार**- सिद्धबाबा गणेश चौक निवासी श्री शिवबालक प्रसाद बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती बंशकार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री कमलाकांत दुबे**- सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री कमलाकांत दुबे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई कोरी**- राजेंद्र नगर बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री सोहन लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई कोरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास**- गली नं. 10 सदर निवासी श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रीतम लाल रजक**- तुलसीनगर चेरीताल निवासी श्री प्रीतम लाल रजक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार गौर**- अनूप विहार कॉलोनी गोरैयाघाट निवासी श्री राजेंद्र कुमार गौर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**डॉ. आरएन वर्मा**- ब्यौहारबाग निवासी डॉ. आरएन वर्मा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पम्मी बाई झारिया**- गंगासागर रानीपुर माली मोहल्ला निवासी श्री चौदस झारिया की धर्मपत्नी श्रीमी पम्मी बाई झारिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गोमती सिंह**- सदर बुचड़ी के पास निवासी श्री मदन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती सिंह (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजेंद्र मिश्रा**- विजयनगर निवासी श्री रोशन लाल मिश्रा के पुत्र श्री अजेंद्र मिश्रा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप



### एल्युमिनियम स्क्रैप पर लगा आयात शुल्क हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** पुनर्चक्रण उद्योग ने सरकार से एल्युमिनियम कबाड़ यानी स्क्रैप पर लगने वाले 2.5 प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने की मांग की है। मटेरियल रीसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने कहा कि शुल्क हटाने से पुनर्चक्रण और एल्युमिनियम आधारित विनिर्माण उद्योग की लागत कम करने में मदद मिलेगी तथा वे वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। एमआरएआई ने कहा है कि औद्योगिक मांग को पूरा करने के लिए देश आयातित एल्युमिनियम स्क्रैप पर निर्भर बना हुआ है।

### सेल इंडोनेशिया में स्टील के लिए संभावना तलाशेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इंडोनेशिया की पीटी क्राकाटाउ स्टील प्रस्तावित संयुक्त उद्यम के तहत पांच लाख से 10 लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाश रही हैं। दोनों कंपनियों ने संयुक्त उद्यम की स्थापना के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि सेल और इंडोनेशिया की कंपनी पांच लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाशेंगी।

### डीएलएफ के चेयरमैन का वेतन 20 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड के चेयरमैन राजीव सिंह का पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 44.06 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निदेशक/केएमपी (मुख्य प्रबंधकीय कर्मियों) को दिए गए वेतन की सूची के अनुसार, डीएलएफ के चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक राजीव सिंह को वित्त वर्ष में 44.06 करोड़ रुपये वेतन मिला है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह राशि 36.65 करोड़ रुपये थी।



### भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता हुई पूरी

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित वृहद आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर तीसरे दौर की वार्ता 10 जुलाई को ओटावा में पूरी हो गई है। दोनों देशों ने इस समझौते पर 2026 के भीतर बातचीत पूरी करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। माल एवं सेवाओं का व्यापार, बौद्धिक संपदा, मूल स्थान के नियम, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता संबंधी उपाय तथा व्यापार में तकनीकी बाधाएं आदि मुद्दों पर पांच दिन तक बातचीत हुई।



### गोयल इस सप्ताह स्पेन और बेल्जियम जाएंगे

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।



# अब नहीं बनेंगी आपकी एआई तस्वीरें! मेटा ने विवादित 'म्यूज इमेज' फीचर हटाया

## मेटा ने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक एआई फीचर लांच किया था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मेटा ने आठ जुलाई 2026 को इंस्टाग्राम के लिए म्यूज इमेज नाम का एक एआई फीचर लांच किया था। जिसका उद्देश्य क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना था। इसकी मदद से कोई भी यूजर किसी पब्लिक इंस्टाग्राम अकाउंट का नाम लिखकर उसकी तस्वीरों से नई एआई इमेज तैयार कर सकता था।

इसके लिए यूजर को केवल प्रॉम्प्ट में उस अकाउंट का नाम यानी यूजरनेम लिखना होता था, और एआई उस प्रोफाइल की तस्वीरों के आधार पर एक बिल्कुल नया डिजिटल रूप तैयार कर देता। दुनियाभर में इस फीचर का विरोध किया गया, क्योंकि लोगों की प्राइवेसी के लिए खतरा था। मेटा ने फीचर का बचाव करने की कोशिश की। मेटा ने क्या कहा जब विवाद बढ़ने लगा, तो मेटा ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि म्यूज इमेज फीचर को बंद कर दिया गया है। कंपनी के मुताबिक, इस टूल का उद्देश्य यूजर्स को एक नया क्रिएटिव एआई अनुभव देना था, लेकिन संभावित गलत इस्तेमाल और मिले फीडबैक को देखते हुए इसे हटाने का फैसला लिया गया।

अब अगर कोई यूजर मेटा एआई में किसी इंस्टाग्राम अकाउंट को टैग करके एआई इमेज बनाने की कोशिश करेगा, तो चैटबॉट ऐसा करने से इंकार कर देगा।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

फीचर लांच होते ही सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना शुरू हो गई। यूजर्स का कहना था कि उनकी परमिशन के बिना तस्वीरों को एआई मॉडल में इस्तेमाल करना प्राइवेसी के खिलाफ है। कई लोगों ने आशंका जताई कि इस फीचर का इस्तेमाल करके किसी की फर्जी एआई इमेज बनाई जा सकती है, जिससे पहचान के दुरुपयोग और डिजिटल धोखाधड़ी का खतरा बढ़ सकता है। यानी की इससे डीपफेक जैसे मामले भी बढ़ सकते हैं।




### हॉलीवुड से भी उठा विरोध

इस फीचर से केवल आम यूजर्स को ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के दिग्गजों को भी समस्या थी। मशहूर टैलेंट एजेंसी सीएए, जो टॉम क्रूज और जेंडाया जैसे कलाकारों का प्रतिनिधित्व करती है, ने भी इस फीचर पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि किसी व्यक्ति की तस्वीरों का एआई के लिए उपयोग उसकी स्पष्ट सहमति के बिना नहीं होना चाहिए।

## सीआरईए ने कहा, पिछले माह से 34 फीसदी अधिक आयात

# भारत ने जून में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा : रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने इस साल जून में रूस से रिकॉर्ड मात्रा में 4.5 अरब यूरो मूल्य के कच्चे तेल का आयात किया है और यह इससे पिछले महीने की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक रहा है। हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में नरमी के कारण रूस की तेल निर्यात से होने वाली आय में कमी दर्ज की गई।

■ कीमतों में नरमी के कारण तेल निर्यात से आय में कमी दर्ज

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा, जो रूस से उसके कुल 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन आयात का 83 प्रतिशत बैठता।

**खास बातें**

■ जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा



### ब्रिटिश सरकार के विशेष प्रावधान से आयात हुआ संभव

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद जून में भारतीय रिफाइनरियों से भेजी गई ऐसी दो खेप यूरोपीय बंदरगाहों पर उतारी गईं। इसके अलावा, ब्रिटेन ने भी जून में जामनगर रिफाइनरी से रूसी कच्चे तेल से तैयार जेट ईंधन की पहली खेप प्राप्त की। ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए विशेष प्रावधान के तहत यह आयात संभव हुआ।

### रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में बढ़ी

इस तरह भारत चीन के बाद रूस से हाइड्रोकार्बन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। भारत के कुल कच्चे तेल आयात में जून के दौरान मासिक आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी।

### रिलायंस की रिफाइनरी से तेल की आपूर्ति

रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूस से तेल की आपूर्ति मई की तुलना में 150 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पारादीप रिफाइनरी में 126 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 83 प्रतिशत और नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 45 प्रतिशत बढ़ी।

### भारत की निर्यात मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ी

सीआरईए के अनुसार, भारत की बढ़ी हुई खरीदारी से जून में रूस के कच्चे तेल के निर्यात की मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ गई। इसके बावजूद कम कीमतों के कारण रूस की कच्चे तेल से दैनिक निर्यात आय आठ प्रतिशत घटकर 34.8 करोड़ यूरो प्रतिदिन रह गई। कुल मिलाकर रूस के जीवाश्म ईंधन निर्यात की दैनिक आय एक प्रतिशत घटकर 73.4 करोड़ यूरो रह गई, जबकि निर्यात मात्रा सात प्रतिशत बढ़ी।

### भारत वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

रिपोर्ट कहती है जून में भारत द्वारा रूस से आयात किए गए 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन में 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल, 48.8 करोड़ यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद और 44.4 करोड़ यूरो का कोयला शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत, रूस के कच्चे तेल से तैयार किए गए परिष्कृत ईंधन के वैश्विक व्यापार में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

### 81.4 करोड़ यूरो मूल्य का उत्पाद निर्यात

जून में भारत, तुर्किये, ब्रुनेई और जॉर्जिया की रिफाइनरियों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों—यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया-को 81.4 करोड़ यूरो मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया। इनमें से लगभग 36.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे।

# खाड़ी में तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया।

■ कच्चे तेल की कीमतों में निवेशकों की नजर

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और 'करेक्शन' का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा।

### हर उछाल पर निवेशकों की मुनाफावसूली

*मेर ने कहा कि बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं और हर उछाल पर निवेशकों ने मुनाफावसूली की। त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय रुपये में मामूली गिरावट से एमसीएक्स सोने को सीमित समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में कमजोर रुख ने इसके प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया।*

# एयरटेल 10 साल में 3.3 लाख करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि कंपनी ने पिछले एक दशक में डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अब वृद्धि के अगले चरण के लिए वित्तीय सेवाओं, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में मित्तल ने कहा कि एयरटेल ने नए विकास क्षेत्रों को तैयार करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से कंपनी को मजबूत परिणाम मिले हैं और अब उसे वित्तीय सेवाएं, डेटा केंद्र और एयरटेल क्लाउड क्षेत्र में आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। चेयरमैन ने कहा कि भारती एयरटेल ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एयरटेल मनी में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। वहीं, कंपनी की डेटा सेंटर इकाई नेक्स्ट्रा ने एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता विकसित करने की योजना के तहत हाल में एक अरब डॉलर (करीब 9,500 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। मित्तल ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एयरटेल मनी को गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, "यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत में वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाने के व्यापक लक्ष्य की दिशा में अहम कदम है।"

■ वित्तीय सेवाओं, डेटा सेंटर और क्लाउड पर लगाएगी दांव




### एक गीगावाट क्षमता तैयार की जाएगी

मित्तल ने कहा कि एयरटेल मनी को आने वाले वर्षों में पर्याप्त पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण, क्लाउड सेवाओं के बढ़ते उपयोग और डेटा को देश में ही रखने की जरूरतों के कारण नेक्स्ट्रा अगले कुछ वर्षों में एक गीगावाट क्षमता तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# ग्राहकों की जरूरत के अनुरूप नए मॉडल लाएगी होंडा मोटर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर भारत के दोपहिया वाहन बाजार की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशान्वित है। कंपनी का मानना है कि व्यक्तिगत परिवहन की बढ़ती जरूरत, कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और प्रीमियम वाहनों की बढ़ती मांग आने वाले वर्षों में उद्योग की वृद्धि को गति देती रहेगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओताानी ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप नए उत्पाद बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की दूसरी छमाही में त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कई नए मॉडल पेश किए जाएंगे। ओतानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय दोपहिया उद्योग ने ग्रामीण मांग में सुधार, प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती बिक्री, निर्यात में मजबूती और सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण शानदार प्रदर्शन किया।

■ भारत के दोपहिया वाहन बाजार को लेकर आशान्वित है कंपनी



# तिमाही नतीजों से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी। चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

■ भू-राजनीतिक स्थिति, कच्चे तेल की कीमतें डालेंगी प्रभाव



### मुद्रास्फीति का आंकड़ा होगा आज जारी

मीणा ने कहा कि भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

# पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रही

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई।




# चार माह की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशक लौटे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 15,157 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया है। बेहतर होते घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से यह रुझान देखने को मिला है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जून में एफपीआई ने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस बिकवाली के दौर से पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। हालांकि, जुलाई में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेश किया है, लेकिन वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयरों से कुल 2.60 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है।

■ जुलाई में अबतक एफपीआई ने डाले 15,157 करोड़ रुपए

### घरेलू अर्थव्यवस्था में दिखा सुधार

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था में सुधार और रुपये की स्थिरता ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर कारोबार में कमजोरी तथा दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में एफपीआई की बिकवाली के कारण निवेश का एक हिस्सा भारत की ओर आया है।

## हिन्दुस्तान लीवर और डाबर में कर्मचारियों की संख्या घटी

# बीते वित्त वर्ष एफएमसीजी में कर्मियों की संख्या घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या में बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। इन कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। बीते वित्त वर्ष में जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और डाबर इंडिया ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटाई, वहीं नेस्ले इंडिया, मैरिको और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने अपने कार्यबल का विस्तार किया। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में इन कंपनियों में कर्मचारियों के वेतन में औसतन 6.08 प्रतिशत से 12.1 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

■ टीसीपीएल में वेतनवृद्धि सबसे अधिक रही



### एचयूएल में स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटी

सबसे अधिक 12.1 प्रतिशत की वृद्धि टीसीपीएल ने की, जबकि एचयूएल में यह वृद्धि सबसे कम 6.08 प्रतिशत रही। एचयूएल के स्थायी कर्मचारियों की संख्या 31 मार्च, 2026 तक घटकर 5,898 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,604 थी। यानी कंपनी के स्थायी कर्मचारियों की संख्या में 700 से अधिक की कमी आई।

### डाबर ने कर्मचारियों के औसत वेतन में वृद्धि की

घरेलू एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया के स्थायी कर्मचारियों की संख्या भी घटकर 4,770 रह गई, जो पिछले वर्ष 5,343 थी। इसके बावजूद कंपनी ने कर्मचारियों के औसत वेतन में 7.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि छह प्रतिशत थी।

### एफएमसीजी स्वचालन पर अधिक निवेश कर रही

विशेषज्ञों का कहना है कि एफएमसीजी कंपनियां अब विनिर्माण, गोदाम, आपूर्ति श्रृंखला और बैक-ऑफिस संचालन में स्वचालन (ऑटोमेशन) पर अधिक निवेश कर रही हैं। डिजिटल उपकरण, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित विश्लेषण, स्वचालित पैकेजिंग लाइन और एकीकृत ईआरपी प्रणालियों के इस्तेमाल से कंपनियां कम कर्मचारियों के साथ अधिक उत्पादन और वितरण करने में सक्षम हो रही हैं।

### नेस्ले में मामूली कर्मचारी बढ़े

नेस्ले इंडिया में कुल कर्मचारियों की संख्या मामूली बढ़कर 8,680 हो गई, जबकि स्थायी कर्मचारियों की संख्या 8,419 से घटकर 8,382 रह गई। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन में औसतन 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। दूसरी ओर, मैरिको और टीसीपीएल ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई।

## शासकीय रेल पुलिस थाना जबलपुर द्वारा यात्रियों के सामान की चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग चोरी के मामलों का किया गया खुलासा

# जीआरपी की बड़ी सफलता : यात्री ट्रेनों में चोरी करने वाली दो खानाबदोश महिलाएं गिरफ्तार

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर द्वारा कार्रवाई के दौरान दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया लगभग 70 हज़ार मूल्य का माल बरामद किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जीआरपी जबलपुर की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन जबलपुर पीएफ 6 कटनी एंड से संदेह के आधार पर दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर महिला स्टाफ की उपस्थिति में पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपिया रूप माली निवासी हिंडोलिया दमोह एवं रेखा माली निवासी धौरा थाना जलखाऊँन ललितपुर उप्र ने रेल यात्रियों के आभूषण चोरी करने की घटनाएं स्वीकार कीं।



कार्रवाई के दौरान अपराध क्रमांक 384/26 में एक महिला आरोपी से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी बिछिया एवं दो चांदी के पेन, कुल 10,300/- मूल्य का चोरी का माल बरामद किया गया। अपराध क्रमांक 346/26 में दूसरी महिला आरोपी से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी बिछिया एवं तीन चांदी जैसे सिक्के, कुल 48,880/- मूल्य का माल बरामद किया गया। अपराध क्रमांक 177/26 में उसी आरोपी की निशानदेही पर एक चांदी जैसा ब्रेसलेट, कीमत 9,400/-, बरामद किया गया।

तीनों मामलों में चोरी के माल को विधिवत जब्त किया गया है। दोनों महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा प्रकरणों में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर संजीवनी राजपूत, एएसआई गोपाल सिंह राजपूत, एएसआई भागचन्द उद्दे, अरुण तिवारी, सत्येंद्र सिंह, अनुराग तिवारी, आनंद यादव, शकील, रविकांत रजक, प्रमोद गुप्ता, ओमप्रकाश, परशुराम, गोपाल, उमेश महिला प्र.आर. ललिता, लेख कुमारी, रंकू एवं प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, आरक्षक भवानी सिंह गुर्जर की अहम भूमिका रही।

# माता काली की प्राण प्रतिष्ठा 14 को

**प्राचीन खेरमाई मंदिर चेरीताल में तैयारी शुरू, निकलेगी शोभायात्रा**

**जबलपुर।** न्यू चेरीताल स्थित प्राचीन खेरमाई मंदिर में आगामी 14 जुलाई दिन मंगलवार को माता महाकाली, श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री भैरव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस संबंध में आयोजनकर्ता रामस्वरूप रजक (रंगी) ने बतलाया कि इन सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यहां पर मंदिर में जोरदार तैयारी चल रही हैं। प्रतिदिन इस समय भक्तों के द्वारा इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दिन-रात तैयारी की जा रही है, मंगलवार दोपहर 2:00 बजे से चेरीताल व आसपास के क्षेत्र से होते हुए तीनों प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकलते हुए मंदिर परिसर में लाया जाएगा। इसके बाद पूरे विधि विधान से पूजन पाठ के उपरांत इन प्रतिमाओं की प्राण की जाएगी। आयोजक और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन किया जा रहा है और लगातार दो दिनों से अभिषेक हो रहा है। आज सोमवार को माता का दूध से अभिषेक भी किया जाएगा। प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस आयोजन में मुख्य रूप से रमेश रजक, दिनेश पटेल, राज मिस्त्री, राजू पटेल, पप्पू श्रीवास और इस मंदिर से जुड़े समस्त श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग मिल रहा है। सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## शिवसेना के नेतृत्व में श्रम आयुक्त कार्यालय का किया घेराव



**जबलपुर।** शिवसेना जिला सचिव गजानंद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विगत दिनों 20.5.2026 को शिवसेना के नेतृत्व में आधारताल स्थित फर्नीचर एंड फर्नीचर फैक्ट्री के सैकड़ों श्रमिकों ने सहायक श्रम आयुक्त को अपनी निम्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा था, लेकिन आज दिनाँक तक श्रम विभाग द्वारा न फैक्ट्री संचालक के ऊपर कोई कार्रवाई की गई, न ही श्रमिकों की मांगों को माना गया, जिसके विरोध में 10.7.2026 को दोपहर 02 बजे विजयनगर स्थित सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय का शिव सेना एवं श्रमिकों द्वारा घेराव किया गया, शिवसेना के शैलेंद्र बारी ने कहा कि अगर श्रमिकों की मांगें पूरी नहीं हुई तो श्रम आयुक्त कार्यालय के समक्ष विशाल धरना दिया जायेगा, जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर शिवसेना के राज्य उप प्रमुख शैलेंद्र बारी, जिला सचिव गजानंद गुप्ता, नगर प्रमुख मुकेश सराठे, भवानी शंकर सतनामी, सुधीर ताम्रकार, कमलेश रजक, विजय गोटिया, विकास सराठे, धनु गुप्ता, दिलीप पटेल, रामगोपाल यादव, अजय पटेल, बिन्नू गुप्ता, अनिल कुमार केवट, वीरेंद्र पटेल, शुभम मेहरा, सतीश रजक, संजय दहिया, सोनू विश्वकर्मा, मोनू ठाकुर, गुड्डू विश्वकर्मा, किशन गुप्ता, इंद्रजीत सोनी सहित अनेक शिव सैनिक एवं श्रमिक मौजूद रहे।




## "साज और आवाज" म्यूजिकल ग्रुप ने दी सदाबहार पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति

**जबलपुर।** संस्कारधानी, जबलपुर नगर के जाने माने म्यूजिकल ग्रुप "साज और आवाज" के बैनर तले वरिष्ठ गायक एवं गायिकाओं द्वारा सदाबहार पुराने फिल्मी गीतों का कार्यक्रम शनिवार को रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका सभागार में सम्पन्न हुआ, जिसमें शाम 05.30 बजे से ग्रुप के कलाकारों एस.जी. हेलकर, सुधीर श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, श्रीमति मुकुल वर्मा, जी.पी. आचार्य, मनीष निगम, एडवोकेट पंकज दुबे, मीनल चौधरी, राकेश चौरसिया, श्रीमति उज्जवला, शबनम मसीह द्वारा सदाबहार पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम का मंच संचालन ग्रुप के संचालक एस.जी. हेलकर, उद्घोधन ऑल इंडिया, रेडियो, दिल्ली की उद्घोधिका शबनम मसीह द्वारा किया गया तथा संगीत संयोजन दिनेश खड़तिया का रहा। संगतकार दिनेश खड़तिया (Key Board), राजेन्द्र कोरी (ढोलक) पर, तबले पर शंभू विश्वकर्मा, पैड पर जयप्रकाश द्वारा संगीत दिया गया, जबलपुर संस्कारधानी के प्रबुद्ध संगीत प्रेमी श्रोता इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जून माह में टिकट चैकिंग से 15 करोड़ 3 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के जून 2026 में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 01 लाख 75 हजार 900 मामले पकड़े गए, जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 15 करोड़ 03 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।चालू वित्तीय वर्ष के जून 2026 में मुख्यालय एवं मंडलों पर परफॉर्मेंस इस प्रकार रहा- मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड- मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के 3 हजार 400 मामलों से 24 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।जबलपुर मंडल- टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 84 हजार 900 मामलों से 7 करोड़ 71 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। भोपाल मंडल- टिकट जांच के दौरान 56 हजार मामलों से 4 करोड़ 22 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। कोटा मंडल- टिकट निरीक्षकों ने अभियान के दौरान 31 हजार 600 मामलों से 2 करोड़ 86 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा न करें। यात्रा से पूर्व उचित टिकट अवश्य लें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के समन्वय से पश्चिम मध्य रेल द्वारा ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे।




## जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन ने जरूरतमंद बच्चों को बस्ते एवं जूते प्रदान किए

**जबलपुर।** हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा दिनांक 07 जुलाई को पीएल शर्मा के सौजन्य से आदर्श कन्या विद्यालय, प्रेमनगर, जबलपुर में अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों को बस्ते एवं जूते प्रदान किए गए। संस्था के मूल मंत्र सेवा परमो धर्म पर समस्त बच्चों को शिक्षा मिले, आर्थिक अभाव से बच्चे शिक्षा से वंचित न हों, इसी उद्देश्य से संस्था महानगर जबलपुर में कार्यरत है।इस सेवामई पुण्य कार्य में प्रमोद वैश्य, पीएल शर्मा, संतोष पटेल, अरविंद पटेल, चरन जीत सिंघ अरोरा अध्यक्ष, राजेंद्र वर्मा सचिव, मुकेश नेमा कोषाध्यक्ष, पूजा कोष्ठा, निधि नेमा, गरिमा विश्वकर्मा, चंद्रकिशोर मोदी, शरद नेमा, संदीप गौर, सुरेंद्र सिंह, राजेश सोनी, आदर्श कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्य, शिक्षिकाएं, कर्मचारी, अध्ययनरत बच्चे उपस्थित रहे।



## सर्व जनजाति सेवा संघ कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संपन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में कई वर्षों से आदिवासियों के हितार्थ कार्य करने वाला आदिवासी संगठन जो हमेशा आदिवासी संगठनों के लिए कार्य करता हुआ आ रहा है, आज उसके नवीन रजिस्ट्रेशन और नए नामकरण के साथ सर्व जनजाति सेवा संघ की कार्यकारिणी की प्रथम सामूहिक बैठक का आयोजन देवता स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते के कार्यालय में किया गया, जिसमें शहर और ग्रामीण इलाहों से आये सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और आने वाले माह में विश्व आदिवासी दिवस को भव्य समारोह आयोजित किए जाने पर गहन मंथन किया गया, वहीं कार्यकारिणी में नए सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलीई गई। सभी नए पदाधिकारियों ने भी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि वे उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने और समाजहित में कार्य करने संकल्पित हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, उपाध्यक्ष विनोद कोल,कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार तेकाम, रमेश धुर्वे, लखन कुलस्ते, राकेश भलावी, मनोज गोंड, प्रेमसिंह पंद्रे, संदीप कुराम, बड्डेलाल मरकाम, सोमनाथ गोंटिया, राजेश कोल, रविसिंह धुर्वे, मुनाराम उइके के साथ ही अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



## नगर परिषद भेड़ाघाट एवं गायत्री परिवार ने लम्हेटा घाट भृगु उद्यान में लगाये 501 पौधे

**गायत्री परिवार ने आयोजित किया हवन पूजन कार्यक्रम**

**जबलपुर।** नगर परिषद भेड़ाघाट एवं गायत्री परिवार द्वारा लम्हेटा घाट के भृगु उद्यान में 501 पौधे लगाए गए एवं गायत्री परिवार द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में विधायक नीरज सिंह एवं विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे, पार्षद महेश तिवारी, अजय पटेल, सजल तिवारी एवं नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ अनुज सिंह, उद्यान प्रभारी

## पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षकों की सी.आर. मंगाई जाए: मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है, इसी श्रृंखला में प्रदेश के शिक्षा विभाग के हर जिले में शिक्षकों की पदोन्नति हेतु सी.आर. मंगाई जा रही है जो कि सिर्फ उन्हीं शिक्षकों की मंगाई जाना चाहिए जो पदोन्नति पाने हेतु पात्र हैं, जिससे विभाग का समय भी बचेगा और पदोन्नति प्रक्रिया को समय पर पूंर्ण किया जा सकेगा। संगठन ने आगे बताया कि पदोन्नति देने हेतु पात्र शिक्षकों के अलावा सभी की सी.आर. (गोपनीय चरित्रावली) मंगवाने से शिक्षकों को तो परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं संबंधित प्राचार्य भी परेशान हो रहे हैं, क्योंकि नवनियुक्त शिक्षकों से भी सी.आर. (गोपनीय चरित्रावली) मंगवाई जा रही है जिन्हें इतनी जल्दी पदोन्नति मिलनी ही नहीं है। जहां एक तरफ ई अटेंडेन्स लगाने हेतु लॉग इन और लॉग आउट स्कूल कैंपस से ही होना है तो ऐसे में शिक्षकों को बार-बार संकुल जाना फिर वापस आना पड़ता है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है खासकर महिला शिक्षकों को जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। अतः संगठन वरिष्ठ अधिकारियों से मांग करता है कि सिर्फ जिन पात्र शिक्षकों को पदोन्नति मिलनी है केवल उन्हीं की सी.आर मंगाई जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र चौधरी, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, लालजी प्रसाद, नीरज मरावी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, दिपेश जैन, राकेश गुप्ता, गोपीशाह आदि ने मांग की है।

# उत्कृष्ट परिणाम लाने जी-जान लगाती हैं बेटियां

**चेरीताल स्कूल में प्रतिभाशाली बच्चियों का सम्मान समारोह और लेखन सामग्री का किया वितरण**

**जबलपुर।** "परिवार की आन-बान-शान बढ़ाने में बेटियां जी-जान लगाकर मेहनत करती हैं और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम लाती हैं। मेहनत और परिश्रम के साथ काम करने की लगन हो तो परिणाम अच्छा आता है। बेटियां मन को एकाग्र कर हर काम को पूरा करती हैं। स्कूल में बेटियां पढ़ लिखकर सिर्फ अपना ही नहीं अपनी स्कूल, परिवार के साथ हम सभी का मान बढ़ाती हैं। अभावों को पूरा करने सहयोगी सहायता तो करते हैं, लेकिन सफलतापूर्वक काम को संपन्न स्वयं को ही करना पड़ता है। हर उच्च स्थान प्राप्त व्यक्ति अभावों में ही आगे बढ़ा है।" उक्त उद्गार पार्षद प्रतिभा भापकर, अखिल खंडेलवाल, दिलीप पटेल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल स्कूल में रोटरी इंटरनेशनल जबलपुर साउथ क्लब, आचार्य श्री विद्यासागर मंडल के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभाशाली बच्चियों के सम्मान और लेखन सामग्री वितरण समारोह में व्यक्त किए। पिछले चार वर्ष की परांपरा के अनुसार चेरीताल स्कूल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त बच्चियों का सम्मान और बच्चियों को निःशुल्क



लेखन सामग्री वितरण समारोह में पार्षद प्रतिभा भापकर, रोटरी इंटरनेशनल जबलपुर साउथ क्लब अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, प्राचार्य डीके जैन, नरेंद्र साहू, इंद्रपुरी गोस्वामी, नरेंद्र खरे, प्रशांत महानूर, राजेन्द्र गुप्ता, निशांत गुलाबवानी सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा 12वीं गणित विज्ञान संकाय में खुशी अहिरवार 82.6%, खुशबू चक्रवर्ती 75.6%, रूपाली सिंह 71.2% को सम्मान पत्र, शाल, श्रीफल माला पहनाकर सम्मानित किया तथा शाला की 280 बच्चियों को लेखन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन आशा यादव, विध्येश भापकर व स्कूल प्राचार्य डीके जैन ने आभार प्रदर्शन किया।

## राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में जबलपुर के 12 स्काउट-गाइड ने दिखाई प्रतिभा

**जबलपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार जाँच शिविर का आयोजन 06 से 10 जुलाई 2026 तक जिला प्रशिक्षण केंद्र, वारासिवनी (बालाघाट) में किया गया। शिविर में जबलपुर जिले के 10 स्काउट एवं 02 गाइड ने सहभागिता करते हुए विभिन्न परीक्षणों एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। राज्य पुरस्कार जाँच शिविर स्काउट एवं गाइड आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसमें प्रतिभागियों की नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, अनुशासन, प्राथमिक उपचार, गांठ एवं बंधन, मानचित्र अध्ययन, ध्वज शिष्टाचार, कैंप क्राफ्ट, सामुदायिक सेवा तथा स्काउटिंग के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान का मूल्यांकन किया जाता है। पाँच दिवसीय शिविर में प्रतिभागियों ने सभी निर्धारित परीक्षाओं एवं गतिविधियों में उत्साह



और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। शिविर में सफल घोषित होने वाले स्काउट एवं गाइड को महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षरयुक्त राज्य पुरस्कार प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार स्काउट एवं गाइड के लिए राज्य स्तर का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है, जो उनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण, अनुशासन एवं सेवा भावना का प्रतीक है। जबलपुर जिले की टीम ने सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) ललित कुमार मिश्रा एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में शिविर में सहभागिता की। दल का नेतृत्व स्काउट मास्टर शुभम ठाकुर एवं गाइड कैप्टन किरण येवले ने किया। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को पूर्व प्रशिक्षण देकर राज्य स्तरीय परीक्षण के लिए तैयार किया, जिसके परिणामस्वरूप सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन, दक्षता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे, जिला संरक्षक अजय तिवारी एवं जिला सचिव वी.के. झारिया ने प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रसेवा एवं व्यक्तित्व विकास के गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जबलपुर जिले के स्काउट एवं गाइड भविष्य में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जबलपुर जिले के स्काउट एवं गाइड संगठन ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनके राज्य पुरस्कार प्राप्त करने की अग्रिम शुभकामनाएँ दी।

## जबलपुर में जिला स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता 16 जुलाई से, तैयारियाँ शुरू

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर के मार्गदर्शन एवं नर्मदा नर्सरी एवं वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमानताल के संयोजन में जिला स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका (14, 17 एवं 19 वर्ष) जूडो प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार, यह प्रतियोगिता दिनांक 16 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक नर्मदा नर्सरी एवं वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमानताल, जबलपुर के परिसर में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने प्रतिभागियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की समस्त औपचारिकताएँ एवं आवश्यक दस्तावेज़ दिनांक 16/07/2026 को आयोजन संस्था के पास अनिवार्य रूप से जमा करें।महत्वपूर्ण निर्देश- केवल उन्हीं विद्यालयों और प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा जिनके समस्त दस्तावेज़ एवं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण होगी। दस्तावेज़ अपूर्ण होने की स्थिति में संबंधित संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी।प्रत्येक खिलाड़ी को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की 5 प्रतियाँ लानी होंगी। प्रत्येक प्रति के साथ पिछले तीन वर्षों की अंकसूची, (आधार कार्ड ओमिटेड), समग्र आईडी तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति और साथ में दो पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अलावा, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रत्येक प्रति पर संबंधित संस्था के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य के हस्ताक्षर व सील होना भी अनिवार्य किया गया है। सभी विद्यालयों के कोचों को सूचित किया जाता है कि वे अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर उसे संकुल स्तर तक फॉरवर्ड कराएँ तथा संकुल द्वारा चयनित खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची अपने साथ अनिवार्य रूप से लाएँ। इसके साथ ही, दिनांक 16/07/2026 (गुरुवार) को नर्मदा नर्सरी एवं वल्लभ विद्यालय में उपस्थित होकर अपने सभी प्रतिभागियों के दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बिना टीम को प्रतियोगिता में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अपूर्ण दस्तावेज अथवा सत्यापन न कराने की स्थिति में संबंधित विद्यालय या प्रतिभागी को प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी। प्रतियोगिता से जुड़ी अधिक जानकारी या संपर्क के लिए वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान से संपर्क किया जा सकता है।

# मनमानी के विरोध में बच्चों के माता-पिता एवं पनागर क्षेत्रीयजनों ने कार्यवाही की मांग की

## जिला कलेक्टर को पुनः सौंपा आवेदन

**जबलपुर।** संदीपनी शास. उ.मा. शाला सिंगोद, पनागर में लगभग 1000 से अत्यधिक बच्चे पढ़ते हैं नर्सरी से पहली व बारहवीं तक लगभग 1200 से अधिकतम बच्चे अध्ययनरत हैं। इस स्कूल में गेट पर ताला लगा दिया और स्कूल बंद है। इस स्कूल को चालू करने 23 मार्च 2026 को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया, 01 अप्रैल 26 को स्कूल बच्चों ने स्कूल के सामने प्रदर्शन कर क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जो जिला शिक्षा अधिकारी के साथ म.प्र.शासन को भेजा गया। 23 अप्रैल 2026 को रा.पि. वर्ग मोर्चा के माध्यम से भारत बंद कर पनागर बंद किया गया जिसका ज्ञापन जिला कलेक्टर के द्वारा म.प्र. सरकार को दिया गया। मुख्यमंत्री के आदेश पर जिला कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में भी लगातार 28.04.2026 को निराकरण की सीमा 30.05.2026 पर जवाक क्रमांक 83 दिनांक 23.06.2026 को निराकरण करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 23.06.2026 को पत्र दिया जा चुका जिस पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस कारण विद्यार्थी दर-ब-दर भटक रहे हैं, स्कूल के गेट का ताला आज तक नहीं खोला गया है, जिससे छात्र, अभिभावकों एवं पनागर क्षेत्रीय लोगों में



आक्रोश व्याप्त है। शासन, प्रशासन की हिटलरशाही के चलते आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। लापरवाह जिला शिक्षा अधिकारी को सत्र प्रारंभ होने पर स्कूल बंद क्यों है? स्कूल ओपन करावें एवं दोषी पर कार्यवाही करें। कलेक्टर के आदेश देने के बावजूद भी इनके कान में जूं तक नहीं रेंगी है। इन्हें क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से आदेशित करना तो दूर जो नहीं किया गया है। जिला कलेक्टर के आदेश की खुली अवहेलना की गयी है। क्षेत्रीय जनता ने सांसद, क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य को भी इस गंभीर समस्या से अवगत कराया पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के साथ खिलवाड़ कर 1000 से ज्यादा बच्चे अध्ययनरत थे उस स्कूल को बंद कर ताला जड़ दिया, इसके लिये पूर्ण रूप से दोषी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, रत्नेश कुमार शर्मा प्राचार्य एवं अशोक मिश्रा सहायक प्राचार्य पर विधि अनुरूप दण्डात्मक कार्यवाही की मांग एस.पी. से जनसुनवाई में की गई। जनसुनवाई में ए.एस.पी. ने पनागर की गंभीर समस्या को गंभीरता से लेते हुये एक सप्ताह में स्कूल चालू करने का आश्वासन दिया और कहा कि अगले मंगलवार तक स्कूल ओपन नहीं हुआ, तो आप पुनः यहां आकर हमसे मुलाकात करें, हम दोषियों पर कार्यवाही करेंगे। आज रा.कि. मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटे भाई कुर्मी, इंजी. प्रवीण गजभिये दादा, ओम प्रकाश कुर्मी, राजेश्वरी पटेल, मिथिला पटेल, मिथिला गौड़, रंजीत दाहिया, रीना पटैल, पूजा, रंजना, प्रीति कोल, ज्योति, अंगूरी गौड़, सरोज चक्रवर्ती, पूजा चौधरी, मंगना गौड़, यूनिस अली, पुरूषोत्तम चौधरी, संजय बौद्ध इत्यादि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।